प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

1. **पिछले 3 दिनो से हो रही लगातार बारिश से प्रदेश में जनजीवन अस्त वयस्त,कई इलाकों में बिजली गुल, नदी, नाले और डैम उफनाए।**
2. **मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा में अत्यधिक भारी बारिश को लेकर जारी किया रेड अलर्ट, अन्य हिस्सों के लिए भी भारी बारिश की चेतावनी।**
3. **राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र, हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का किया अनुरोध।**
4. **लातेहार में पुलिस ने पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादियों को किया गिरफ्तार।**
5. **केन्द्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग को परीक्षा के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों की पहचान के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन की अनुमति दी।**

****

प्रदेश में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लातेहार, गुमला और गढ़वा समेत कई जिलों में कई पुलिया और डायवर्सन बह गये हैं। मूसलाधार बारिश के कारण राज्य की नदियां, नाले और डैम उफान पर हैं। जलस्तर बढ़ने से चांडिल, पतरातू, गरगा समेत कई डैमों के गेट को खोल दिया गया है। बोकारो जिले में जल का दबाव बढ़ने के कारण तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट और गरगा डैम का एक गेट खोल दिया गया है। जिले का हाल बता रहे हैं हमारे बोकारो संवाददाता।

गढ़वा जिले में आज चौथे दिन भी बारिश हो रही है। जिले के संवाददाता ने बताया कि इस बारिश से लोगों का जीवन पूरी तरह से थम गया है.

इधर सरायकेला खरसावां जिले में लगातार हो रही वर्षा से स्वर्णरेखा और खरकाई नदी ने भयंकर रूप ले लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया दोनों ही नदी का जलस्तर डेंजर लेवल से ऊपर बना हुआ है ।

रामगढ़ जिले में भी मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर हैं । पतरातू डैम में तेजी से बढ़ते जल स्तर को सामान्य करने के लिए डैम के सभी आठ फाटकों को खोल दिया गया है। रामगढ़ जिले के संवाददाता ने बताया कि छिलका पुल के ऊपर पानी के तेज बहाव के कारण गोला रजरप्पा मार्ग बंद हो गया है।

****

मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों में अत्यधिक भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा शामिल हैं। जबकि अन्य जिलों के लिए भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान विभाग ने कहीं–कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की संभावना भी जताई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों को इस दौरान सतर्कता बरतने की सलाह दी है

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने आदिवासी हो समाज द्वारा बोली जाने वाली हो भाषा (वारंग क्षिति लिपी) को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया। श्री सोरेन ने गृह मंत्री को लिखे पत्र को सोशल मीडिया पर भी साझा किया है

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की ई–नीलामी आज से शुरू होगी। केन्दीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से एक अच्छे उद्देश्य के लिए इसमें भागदारी करने का आग्रह किया। इस नीलामी से प्राप्त होने वाली धनराशि नमामि गंगे कोष में दी जाएगी।

****

लातेहार जिले की पुलिस ने छापामारी कर नक्सली संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से पीएलएफआई का पर्चा और मोबाइल जब्त किया है। यह जानकारी बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने दी।

****

साहिबगंज जिले के बंद खदानों के पिट में मत्स्य पालन से रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है । मंडरो प्रखंड के सिमरिया गांव में इसकी शुरुआत की गई है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

****

केन्द्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग को परीक्षा के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों की पहचान के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन की अनुमति दी है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और जालसाजी के विभिन्न मामलों के बाद यह कदम उठाया गया है।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 आज से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय है स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

झारखंड में भारी बारिश और उससे प्रभावित जनजीवन की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।
दैनिक जागरण ने लिखा है– **तेज बारिश से उफनाईं नदियां, तीन की चली गई जान।**
दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**राज्य में दो दिन से हो रही भारी बारिश से कोटा पूरा,नदियां उफनाई ।**
हिंदुस्तान की सुर्खी है– लगातार बारिश से नदी–नाले उफनाएं जान– माल की क्षति।
प्रभात खबर ने लिखा है– एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, कोरिया को रौंद भारत फाइनल में , आज फाइनल में चीन से भिडंत।

*******समाप्त**********